कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या
1/13/107, नैय्यर कालोनी, सिविल लाइन्स, अयोध्या–224001
Email Id: eeupjn_cdfaizabad@yahoo.co.in

पत्रांक 3639 / M-15 / 57 दिनांक 08.06.2026

सेवा में,
मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय : **दैनिक भाष्कर समाचार पत्र में दिनांक 07.06.2026 को प्रकाशित शीर्षक ''पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़क क्षतिग्रस्त'' के संदर्भ में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भाष्कर समाचार पत्र में दिनांक 07.06.2026 को प्रकाशित शीर्षक **''पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़क क्षतिग्रस्त''** के संदर्भ में अवगत कराना है कि विकासखण्ड– पूरा बाजार में रामपुर सर्धा एवं अलावलपुर पेयजल योजनाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है–

| क्र0सं0 | प्रस्तावित कार्य | रामपुर सर्धा एवं अलावलपुर पे0यो0 | |
|---|---|---|---|
| | | मात्रा | प्रगति |
| 1. | ट्यूबवेल | 1 नग | पूर्ण। |
| 2. | सोलर प्लान्ट | 1 नग | अनारम्भ। |
| 3. | शिरोपरि जलाशय (350 किली0/18 मी0) | 1 नग | बाटमडोम का कार्य प्रगति पर। |
| 4. | वितरण प्रणाली | 32.20 किमी0 | 26.87 किमी0 पूर्ण। |
| 5. | पम्पहाउस | 1 नग | पूर्ण। |
| 6. | बाउण्ड्रीवाल | 1 नग | पूर्ण। |
| 7. | गृह जल संयोजन | 1073 नग | 822 पूर्ण। |

जनपद अयोध्या के विकासखण्ड– पूरा बाजार की ग्राम सभा रामपुर सर्धा एवं अलावलपुर में जल जीवन मिशन अन्तर्गत पेयजल योजना का कार्य निर्माणाधीन है। अवगत कराना है कि पाइप लाइन बिछाने के दौरान विभिन्न प्रकार की कुल 11.91 किमी0 सड़क तोड़ी गई थी, जिसके सापेक्ष 11.63 किमी0 सड़क पुनर्स्थापित करा दी गई है। शेष सड़क मोटरेबल की गई, जिसके स्थाई रूप से पुनर्स्थापना की कार्यवाही प्रगति पर है, जिसे 15.06.2026 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। योजना के अवशेष समस्त कार्य दिनांक 31.12.2026 तक पूर्ण करा लिया जाना लक्षित है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(अरविन्द यादव)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 / / दिनांक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
2. जनसम्पर्क अधिकारी, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा शाखा), अयोध्या।
3. सम्बन्धित सहा0अभि0/जूनि0इंजी0 (खण्डान्तर्गत)।
4. मेसर्स वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 (जे0वी0), हैदराबाद को इस निर्देश के साथ कि सड़क निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित करके पेयजल आपूर्ति पुनः प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता